सत्यमेव जयते

राज्यपाल सचिवालय, बिहार

राजभवन, पटना–800 022

पत्रांकः–BSU(VC)-45/2019– 703 /रा॰स॰(I), दिनांक– 10/05/2024

प्रेषक,

रॉबर्ट एल. चोंग्थू, भा.प्र.से.
राज्यपाल के प्रधान सचिव

सेवा में,

कुलपति
मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर ।
नालन्दा खुला विश्वविद्यालय, नालन्दा ।
पूर्णियाँ विश्वविद्यालय, पूर्णियाँ ।

विषयः– **विश्वविद्यालयों द्वारा लिये जाने वाले नीतिगत निर्णय के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर, नालन्दा खुला विश्वविद्यालय, नालन्दा एवं पूर्णियाँ विश्वविद्यालय, पूर्णियाँ के कुलपति का कार्यकाल निकट भविष्य में समाप्त होने की स्थिति में माननीय राज्यपाल–सह–कुलाधिपति, बिहार ने सम्यक् विचारोपरान्त यह निर्देश देने की कृपा की है कि विश्वविद्यालय में किसी प्रकार के नीतिगत निर्णय / किसी प्रकार की नियुक्ति अथवा स्थानान्तरण इत्यादि की कार्रवाई नहीं की जाय । इस प्रकार किसी भी नई योजना एवं अन्य नए कार्य जिसमें वित्तीय दायित्व का निर्धारण/निर्वहण हो रहा हो, वैसे निर्णय नहीं लिये जाय।

यदि विशेष परिस्थितिवश कार्यहित में किसी प्रकार के नीतिगत/वित्तीय निर्णय लिये जाने की आवश्यकता हो तो माननीय कुलाधिपति महोदय से पूर्वानुमति प्राप्त करने के पश्चात ही अग्रेतर कार्रवाई की जाय ।

अनुरोध है कि तद्नुसार माननीय कुलाधिपति महोदय के उपर्युक्त आदेश का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाय ।

विश्वासभाजन,
ह०/–
(रॉबर्ट एल. चोंग्थू)
राज्यपाल के प्रधान सचिव

ज्ञापांकः– BSU(VC)-45/2019– 703 /रा॰स॰(I), दिनांक– 10/05/2024

प्रतिलिपिः– अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना / कुलसचिव, मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर/ कुलसचिव, नालन्दा खुला विश्वविद्यालय, नालन्दा एवं कुलसचिव, पूर्णियाँ विश्वविद्यालय, पूर्णियाँ को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

ह०/–
राज्यपाल के प्रधान सचिव

ज्ञापांकः– BSU(VC)-45/2019– 703 /रा॰स॰(I), दिनांक– 10/05/2024

प्रतिलिपिः– विशेष पदाधिकारी (वि.वि.) /प्रधान सचिव कोषांग / उप निदेशक (NIC) को राज्यपाल सचिवालय के वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित / गार्ड फाईल ।

10.5.2024
राज्यपाल के प्रधान सचिव